पत्रिका

जयपुर के इन इलाको में नकली सरस देशी घी की सप्लाई, बड़ी संख्या में खा रहे है लोग, पकड़े गए आरोपी ने किए ये खुलासे

जयपुर। राजधानी जयपुर में नकली सरस घी बिक रहा है। ऐसा पहली बार नहीं हुआ है। पहले भी ऐसे मामले पकड़े गए है। इस बार मामला मालवीय नगर का है। जहां खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने दुकान से नकली घी पकड़ा है। सरस डेयरी की ओर से इस मामले में आरोपी दुकानदार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। वहीं खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने सैंपल लेकर जांच के लिए भेजे है। वहीं मालवीय नगर व आस पास के इलाको में नकली देशी घी की सप्लाई होना सामने आ रहा है।

जवाहर सर्किल थानाधिकारी मदन कड़वासरा ने बताया कि आरोपी दुकानदार के खिलाफ सरस डेयरी की ओर से मुकदमा दर्ज कराया गया है। पुलिस की ओर से नकली घी के मामले में जांच की जा रही है। वहीं असली गुनहगार कौन है, जो जयपुर में नकली सरस घी सप्लाई कर रहा है। इस बारे में जयपुर सरस डेयरी प्रशासन को मालूम नहीं है। यह सवाल खड़े कर रहा है। क्योंकि पहले भी ऐसे मामले सामने आए है।
सीएमएचओ जयपुर द्वितीय डॉक्टर हंसराज भदालिया ने बताया कि जयपुर डेयरी से मालवीय नगर में नकली सरस घी बेचे जाने की सूचना पर टीम को भेजा गया। मौके पर पार्वती किराना स्टोर के प्रोपराइटर दिलीप कुमार से पूछताछ करने पर उसने बताया कि एक टेम्पो वाला घी सप्लाई करने आता है, उससे बिना बिल के सरस घी खरीदता है।
खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा डेयरी टीम के साथ मौके पर पकड़े गए सरस घी के डिब्बों की जांच करने पर एवं डेयरी के रिकॉर्ड से मिलान करने पर घी नकली पाया गया। दुकान पर एक लीटर के 10 पैकेट और आधा लीटर के 5 पैकेट बेचने के लिए रखे थे। दुकानदार ने बताया कि वह डिमांड के अनुसार 1-2 कार्टून लेता है।

Source: https://www.patrika.com/jaipur-news/fake-saras-desi-ghee-is-being-supplied-in-these-areas-of-jaipur-people-are-consuming-it-in-large-numbers-the-arrested-accused-made-these-revelations-19473905